कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की 44 खिलाड़ी छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होनें महाविद्यालय की ओर से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया जिसका विषय था खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु प्राथमिक स्तर पर क्या किया जाना चाहिये जिसमें खिलाड़ियो ने अपने विचार रखे।

खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियाँ बताते हुए उन्होनें कहा कि विषम परिस्थिति में भी उन्होनें अपने लक्ष्य को प्राप्त किया तो आप भी कर सकते। बस अपने निर्धारित लक्ष्य में अड़े रहिये।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवन से संबंधित प्रेरणादायक घटनाओं की जानकारी दी।

डॉ. सुचित्रा खेब्रागड़े क्रीड़ा समिति के संयोजक ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए अच्छे खिलाड़ी बनने को प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की 44 छात्राओं को ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। रिया वर्मा, निशा नेताम, श्वेता सेन, खुशबू असोड़िया, पूनम नायक, रीतिक, विद्या, अमिशा गिरी, एम. नागमणी सभी बॉस्केट बॉल, प्रतिमा साहू–एथलेटिक्स, सुमन यादव, नंदनी निर्मलकर, दामिनी हरपाल, सुभांगी सुब्बा, निशा भोई, हीना निर्मलकर, लक्ष्मी सिन्हा, योगेश्वरी निषाद, चांदनी नेतमा, लक्ष्मी यादव, श्रुति यादव, उर्मिला निर्मलकर– सभी फूटबॉल, रमा दत्ता–बैडमिंटन, पी.तनुजा–बॉक्सिंग, मनप्रीत कौर, सुषमा, दिव्या साहू– व्हॉलीबॉल, राजेश्वरी सिन्हा–हॉकी, जया सोरी–कुश्ती, दुर्गा स्वामी, सुनिधी मिश्रा, प्रिया, तिवारी, ए. अर्चना– सभी हैण्डबॉल, जागेश्वरी, मनस्वी निर्मलकर, प्रिया साव, सोनम निर्मलकर, गरिमा जंघेल, निधि सूर्यवंशी– सभी क्रिकेट, अर्चना सिंह–नेटबॉल, ऐश्वर्या वर्मा, चारू वर्मा–सॉफ्टबॉल

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर एवं श्रीमती रीता शर्मा, तथा पालकगण उपस्थिति थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन